हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 जनवरी 2026

04 माचना एनीकेट की ऊंचाई के बढ़ने से स्टोर हो सकेगा...



08 जैविक प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों में ...





### आरोपियों ने हत्या से पहले मृतक को अधिक मात्रा में पिलाई शराब

# जादू-टोने के शक में कत्ल, शव और बाइक जलाई, साक्ष्य मिटाने की कोशिश

मां की मौत जादू-टोने होने की शंका पर पड़ोसी युवक को मौत के घाट उतार दिया। गिरफ्तार 4 आरोपियों में से दो नाबालिग हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

बुधनी के मिडघाट जंगल में मिले 23 दिसंबर से लापता चंदन नागवंशी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मृतक को अधिक मात्रा में शराब पिलाकर एक खौफनाक साजिश को आरोपियों ने अंजाम दिया था। जिसका पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया और पहचान छिपाने के लिए लाश को आग के हवाले कर दिया।

### जादू-टोना का शक बना वजह

मुख्य आरोपी सुशील नागवंशी को शक था कि उसके पड़ोसियों ने उसकी मां पर जादू-टोना किया था, जिससे उनकी मौत हुई। इसी का बदला लेने के लिए उसने अपने दोस्त चंदन को बलि का बकरा बनाया। 23 नवंबर को आरोपियों ने चंदन को पार्टी के बहाने बुलाया। जब वह नशे में हो गया, तो उसे बुधनी के मिडघाट जंगल में ले जाकर सिर पर भारी पत्थर मारकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद आरोपियों ने पेट्रोल डालकर चंदन के शव और उसकी मोटरसाइकिल को जला दिया।

### ऐसे सुलझी गुत्थी



एसपी साई कृष्ण एस थोटा ने बताया कि जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो मृतक चंदन चार लोगों के साथ जाता हुआ दिखाई दिया। संदेहियों से सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने जंगल से अधजली अवस्था में शव और जली हुई मोटरसाइकिल बरामद की है। मुख्य आरोपी सुशील नागवंशी, साहिल तेकाम और दो नाबालिग को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड का खुलासा एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान, थाना प्रभारी माखननगर अनूप कुमार उइके, उनि राजेंद्र राजपूत,उनि अशोक बरबड़े आदि की भूमिका रही।

### दुर्घटनाओं और रोकथाम के प्रयासों की समीक्षा



सुरक्षा के लिहाज से देखा जाए तो वर्ष गंभीर हादसों को रोकने वाला साबित हुआ है। पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान पुलिस मुख्यालय भोपाल के डीआईजी टीके विद्यार्थी द्वारा शुक्रवार को जिले के सड़क दुर्घटनाओं, रोकथाम के प्रयास और सड़क सुरक्षा के नवाचारों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान डीआई प्रशांत खरे, एसपी साईं कृष्ण एस थोटा, डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा, एसडीओपी जितेंद्र पाठक व एनआईसी और एचएआई संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। एजेंसी के माध्यम से इंजिनियरिंग में सुधार, रेडियम साइनेज इत्यादि लगाने की समझाइश दी गई।समीक्षा के दौरान वर्ष के शुरुआती महीनों के तुलनात्मक आंकड़ों और वर्ष के अंतिम के तुलनात्मक आंकड़ों को देखते हुए कमी लाने के प्रयास पर नर्मदापुरम पुलिस की प्रशंसा की गई और दुर्घटना दर में कमी लाने में मप्र के 5 टॉप जिलों में होने की सराहना की।

### सावधान! फर्जी डॉक्टर बनकर बुजुर्गों को लूटने वाला गिरोह गिरफ्तार, राजस्थान से देते थे चकमा

नर्मदापुरम की देहात और सिटी कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे शातिर अंतरराज्यीय गिरोह को दबोचा है, जो खुद को डॉक्टर बताकर बीमार बुजुर्गों को अपनी ठगी का शिकार बनाता था। यह गिरोह विशेष रूप से 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को निशाना बनाता था। पुलिस ने मोहम्मद अली 26 वर्ष और मोहम्मद अल्ताफ 29 वर्ष निवासी जिला बूंदी, राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

#### ठगी का डिजिटल तरीका अपनाया

आरोपी पहले पीड़ित से संपर्क कर खुद को परिचित बताते थे और फिर किसी काल्पनिक डॉ. कुणाल पटेल का हवाला देकर बीमारी के इलाज का दावा करते थे। ये लोग पीड़ित के घर पहुंचकर किसी गुप्त पद्धति से इलाज का डेमो दिखाते और पेटेंट फॉर्मूला की महंगी दवा देने के नाम पर भरोसा जीतते थे। दवा की भारी कीमत बताकर ये मौके पर ही क्यूआर कोड के जरिए पैसे ट्रांसफर करवा लेते और फिर दवा लाने के बहाने रफूचक्कर हो जाते थे।

#### पुलिस की अपील और सतर्कता से सावधानी

पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त वाहन, मोबाइल और तकनीकी साक्ष्य बरामद किए हैं। एसपी साईं कृष्णा थोटा ने नागरिकों से अपील की है घर आए किसी भी अनजान व्यक्ति के दावों पर विश्वास न करें, बीमारी ठीक करने के नाम पर किसी को भी डिजिटल पेमेंट या नकद राशि न दें, अपनी कॉलोनियों और घरों में सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। इस धोखाधड़ी का खुलासा एसडीओपी नर्मदापुरम जितेंद्र सिंह पाठक, देहात थाना प्रभारी सौरभी पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर, उनि हेमंत निशोद,सउनि प्रवीण शर्मा,सउनि सुखनंदन नर्रे आदि की भूमिका रही।

#### खाते बेचने वाले हुए ट्रेस

एसपी साईं कृष्ण थोटा ने बताया कि जिले में ऐसे 60-70 लोग ट्रेस हुए हैं जो दस से पंद्रह हजार में अपने खाते बेच रहे हैं। इनकी विस्तृत जांच की जा रही है। इनके खातों से एक लाख से अधिक का ट्रांजिक्शन मिलता है तो उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## नर्मदा प्रकटोत्सव और श्री राम जी बाबा मेले की तैयारियों को लेकर बैठक हुई आयोजित

### सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा, कई निर्णय लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम




नर्मदा प्रकटोत्सव एवं संत शिरोमणि श्री राम जी बाबा मेले की तैयारियों के संबंध में नर्मदा प्रकटोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें मां नर्मदा प्रकटोत्सव एवं गौरव दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

साथ ही जलमंच पर सुरक्षात्मक दृष्टि से निर्धारित संख्या में ही जिन प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के विषय में भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष मां नर्मदा प्रकटोत्सव के अवसर पर 21 हजार इको-फ्रेंडली दीपक मां नर्मदा में प्रवाहित किए जाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। आयोजन स्थल तक पहुंच मार्ग, शहर के विभिन्न स्थानों पर सुदृढ़ ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन एवं वाहनों के आयोजन स्थल के समीप जाने के लिए समय-सीमा निर्धारित किए जाने पर भी जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिए गए, ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके।

नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि जलमंच पर सुरक्षा की दृष्टि से निर्धारित संख्या से अधिक लोगों का प्रवेश न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पूरे नर्मदापुरम जिले के लिए गौरव का विषय है, अतः इसे भव्य एवं सफल बनाने हेतु प्रशासन एवं पुलिस का पूर्ण सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि नर्मदा प्रकटोत्सव नगर में एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से सकारात्मक सहयोग प्रदान करने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन को संपूर्ण आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं नगर पालिका परिषद द्वारा मेले की समस्त तैयारियां की जाएंगी। शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साईं कृष्ण एस थोटा द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि राम जी बाबा मेले की सभी तैयारियां की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा दुकानों आदि के आवंटन की प्रक्रिया भी निर्धारित समय सीमा के अनुकूल ही संपन्न कराई जाए। इसके अलावा नर्मदा नदी में बनने वाले जलमंच पर विचार विर्मश हुआ जिससे बताया कि जेटिस मंच पर 75 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहती है। ऐसे में भार क्षमता से अधिक लोग मंच पर नहीं पहुंचे। साथ मुख्य मुख्यमंत्री के आयोजन में शामिल होने तथा उनके आने-जाने के मार्ग पर व्यवस्था सुनचित की जाएगी।

बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष अध्यक्ष नीतू यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, कलेक्टर सोनिया मीना, एसपी साईं कृष्णा एस. थोटा, जिपं सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे आदि मौजूद रहे।

## हिंदू सम्मेलन का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेमरी हरचंद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में देशभर में आयोजित हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम की रूपरेखा भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हो रही है। इसी निमित्त सेमरी हरचंद में भी हिंदू सम्मेलन के आयोजन हेतु ध्वजारोहण एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम नगर के पीपल चौक से शोभायात्रा से प्रारंभ हुआ शोभायात्रा ढोल नगाड़े के साथ पीपल चौक से कृषि उपज मंडी पहुंची जहां मंडी प्रांगण में भूमि पूजन हनुमान चालीसा के पाठ उपरांत हिंदू सम्मेलन सफल बनाने हेतु प्रबुद्ध जनों ने अपने-अपने विचार रखें हिंदू सम्मेलन की आयोजन समिति के अध्यक्ष मालक जी पटेल ने बताया कि आगामी 18 जनवरी को कृषि उपज मंडी में हो रहे हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम में सेमरी हरचंद मंडल अंतर्गत प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर से सामाजिक बंधुओ एवं मातृशक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए समय सीमा के अंदर प्रत्येक गांव में बैठक सुनिश्चित की जाए।

## नैतिकता, अनुशासन और संस्कार याद कराने वाले स्कूलों में भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया






शिक्षा विभाग का नाम सुनते ही नैतिकता, अनुशासन और संस्कार याद आने चाहिए। लेकिन पिपरिया जनपद पंचायत में तो कुछ ओर ही देखने को मिल रहा है। शिक्षा विभाग में कर्मचारी अधिकारी वर्ग ने भ्रष्टाचार को लेकर कोई कमी नहीं छोड़ी है। लेकिन अभी तक किसी भी सरकारी अधिकारी ने कोई कार्यवाही नहीं की है। जिसमें ग्राम पंचायत समनापुर में नवीन माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक-शिक्षिका छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर स्थित एक नल को भी सुरक्षित नहीं रखा है। नवीन माध्यमिक विद्यालय में सरकार ने बच्चों को हमेशा उपयोग करने के लिए नल की पाइपलाइन लगाकर राशि देकर बच्चों की सुविधा उपलब्ध कराने के शौचालय निर्माण पानी की टंकी रखकर पाइप लाइन से पीने के लिए साफ सफाई व्यवस्था को लेकर राशि जमा कराई गई थी। शौचालय सभी व्यवस्थाएं तैनात के लिए लाखों रुपए खर्च करने के लिए एजेंसी को दिए गए थे। अच्छा कार्य भवन निर्माण कार्य के लिए भी राशि जमा कराई गई थी। लेकिन वर्तमान में समनापुर में नवीन माध्यमिक विद्यालय के मतदान केंद्र 175जहा पर कक्षा 1 एवं 2 लगती है। लेकिन छत का लोहा बाहर निकल आया है। बरसात में भीगते हुए बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हो रहे हैं।नवीन माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक-शिक्षिका के कमरों में बाहर जाली लगाकर फेंसिंग कर दी गई है। सूत्रो के अनुसार गौवंश अंदर तक घुस ना पाए इसलिए यह किया गया है। बच्चों से ही झाड़ तक लगवाई जाती है। परिसर में एक हेडपंप है जिसमें से पानी पीना पड़ता है। अनेकोनेक विषयों पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति शिक्षक शिक्षिका गंभीर नहीं है। आदिवासी समुदाय के तथा अनेक वर्ण के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति योजना का घोटाले की जांच कराई नहीं है। सायकिल वितरण भी अभी तक नहीं हुई है।इस बारे में वी आर सी प्रदीप शर्मा ने बताया कि अभी अवकाश चल रहें हैं। विद्यालय प्रारंभ होते ही जांच कराई जाएगी तथा काम किया जाएगा।

## नियमों की अवहेलना करती 4 बसों को किया गया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम




परिवहन आयुक्त, संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशों के पालन में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) रिंकु शर्मा द्वारा इटारसी बस स्टैंड पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान बस संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। जांच के दौरान दो बसों पर 2 लाख रुपए से अधिक कर (टैक्स) बकाया पाए जाने के साथ ही बिना परमिट एवं आवश्यक दस्तावेजों के संचालन की पुष्टि होने पर कुल चार बसों को जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा किया गया।

## बैठकः कमिश्नर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर एवं रोल ऑब्जर्वर कृष्ण गोपाल तिवारी ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, भारतीय जनता पार्टी से मनोहर बडानी, कांग्रेस पार्टी से अनोखे लाल राजोरिया, , आम आदमी पार्टी से राकेश कुमार जराठे, कासिम अली, धनीराम गौर, विधायक प्रतिनिधि नर्मदापुरम दिनेश तिवारी, बहुजन समाज पार्टी से रामबाबू बरुआ, भारतीय जनता पार्टी से प्रशांत दीक्षित, बहुजन समाज पार्टी से अतुल कुमार, भारतीय जनता पार्टी से रूपेश राजपूत, अन्य जनप्रतिनिधि प्रीति पवन शुक्ला, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे, सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी गण उपस्थित थे। कमिश्नर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए की प्रारूप मतदाता सूची में जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है उन्हें 14 फरवरी के पूर्व निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा।

## एसआईआरःदस्तावेज देने नोटिस दिए जा रहे

### विधानसभा होशंगाबाद के मतदान केन्द्र क्रमांक 25 एवं 26 में बीएलओ सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदात सूची गहन पुनरीक्षण के कार्य में जिन मतदाताओं का डाटा एसआईआर में नहीं मिल पाया है उनको नोटिस देकर दस्तावेज देने के लिये नोटिस दिये जा रहे हैं। इसी कार्य में शुक्रवार को विधानसभा होशंगाबाद के मतदान केन्द्र क्रमांक 25 एवं 26 में बीएलओ सुपरवाईजर रामकुमार गौर, बीएलओ अनीता शर्मा के द्वारा मतदाताओं को नोटिस तामील कराने का कार्य किया गया। बीएलओ गौर ने बताया कि जिन मतदाताओं के डाटा नहीं मिला हैं उन्हें नोटिस तामील किये गये हैं जिसमें उन्हें अनुविभागीय कार्यालय में आकर निर्धारित तिथियों में 13 दस्तावेजों में कोई भी दस्तावेज देना होगा इन दस्तावेजों में किसी केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को जारी कोई पहचान पत्र/पेंशन संदाय आदेश। भारत में 1 जुलाई 1987 से पूर्व सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों/बैंकों/डाकघर/एलआ ईसी/पीएसयू द्वारा जारी कोई पहचान पत्र/प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ , सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्डों/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिक/शैक्षिक प्रमाणपत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाणपत्र,. वन अधिकार प्रमाणपत्र,. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अ.पि.व/अनु. जाति/अनु. जनजाति या अन्य कोई जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर । प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर आदि।

### साथी जनशिक्षण और संस्कृति समिति का आयोजन

## नर्मदारंगम राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के अंतिम दिन पूर्वरंग में त्रिदेवाशीष नृत्य और उपन्यास का हुआ विमोचन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से एवं साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम के द्वारा आयोजित नर्मदारंगम राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2025 दशम वर्ष का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ समापन। वर्ष 2025 के अलविदा के साथ नाट्य समारोह के तीसरे एवं अंतिम दिन पूर्वरंग में त्रिदेवाशीष नृत्य एवं नाट्य अकादमी, लखनऊ उत्तर प्रदेश की कलाकार योगिता त्रिपाठी एवं प्रगति तिवारी ने कथक नृत्य में शिव वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी। इसके उपरांत अवंतिका शर्मा, दीप्ति मिश्रा, मालसी बेमसा, योगिता त्रिपाठी, निकिता गोस्वामी, तनुजा ओली सनवाल, प्रगति तिवारी एवं नीलम जोशी ने उत्तराखंड लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसी श्रृंखला में डॉ. आशीष कुमार खापरे द्वारा लिखित किताब आंचलिक उपन्यास समाज - संस्कृति और प्रकृति परिदृश्य का विमोचन किया गया एवं वरिष्ठ कवि प्रदीप दुबे दीप द्वारा काव्य पाठ किया गया।


इसके उपरांत नाटक - मजनू लाउंसमेंट का मंचन किया गया जिसकी कहानी - तारा पांचाल द्वारा लिखी गई है एवं संगीत - विकास सिरमोलिया का है तथा नाट्य रूपांतरण, गीत व निर्देशन - शकुलदीप कुणाल व मार्गदर्शन - प्रीति झा तिवारी का रहा। यह प्रस्तुति द राइज़िंग सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, भोपाल ( म. प्र) द्वारा दी गई इस नाटक में मंच पर मजनू - लोकेंद्र प्रताप सिंह] पांचाल बाबू - निर्मल तिवारी, माँ - प्रीति झा तिवारी, नंदन, गुंडा, मेनजर प्रखर सक्सेना, प्रदीप डोंगरे, गुंडा मालिक, सेठ - रजनीश, भोला - काव्य, मजनू २ - रचित सक्सेना, छोटा मजनू- आरंभ तिवारी, सहतो- पूजा सूर्यवशी, हीरो- अखिलेश वर्मा, हामिद - संदीप पाटिल, मालिक चच्चा - रचित/प्रदीप डोंगरे, मालिक की बेटी- नम्रता मालिक का बेटा- अखिलेश, अन्य कलाकार अखिलेश, पिंकू, मयंक, अदित, आरती, मंच व्यवस्थापक - रजनीश परमार प्रमोद गायकवाड़ आदि शामिल रहे।

## नर्मदांचल में हुए धार्मिक अनुष्ठानः सांगाखेड़ा खुर्द में कथा श्रवण करा रहे ब्रह्मानंद, सेमरी में विश्वकर्मा पुराण की कथा में उमड़ा जन समूह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर

माखन नगर ग्राम सांगाखेड़ा खुर्द में राम कथा श्रवण करने श्रद्धालुओं को द्वितीय दिवस की कथा विस्तार देते हुए कथा प्रारंभ की। माता पार्वती श्रद्धा और भगवान शंकर विश्वास है ,जब श्रद्धा और विश्वास आपस में मिलते हैं तभी राम कथा रूपी गंगा का प्रवाह होता है। उक्त उद्गार ग्राम सांगा खेड़ा खुर्द में चल रही राम कथा मैं व्यास पीठ से कासनी बालयोगी ब्रह्मानंद जी महाराज ने व्यक्त किए उन्होंने कहा कि राम कथा गुणों की खान है जिसके मंथन से समाज को सदैव नहीं दिशा प्राप्त होते रहती है,उन्होंने कहा कि मां जिस प्रकार काम करते हुए अपने बच्चों का सदैव ध्यान रखती है इस प्रकार ईश्वर भी सदैव हमारा ध्यान रखते हैं भले ही हमारा ध्यान उनसे भटक जाए उन्होंने कहा कि हम ईश्वर को याद रखेंगे तो हम सदमार्ग से चलते हुए इस जीवन में ही मोक्ष को प्राप्त कर लेंगे।



**सेमरी हरचंद।** नगर में पशुपतिनाथ मंदिर में प्रांगण में जारी विश्वकर्मा पुराण की कथा लगातार 6 दिन से जारी है आज की कथा में पंडित दीपक जी महाराज मारा गांव ने भगवान विश्वकर्मा द्वारा संसार में गाय के महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि संसार में गौ माता भगवान की सर्वश्रेष्ठ रचना है गौ माता के शरीर में 33 कोटि देवताओं का निवास है गौ माता का अंग प्रत्यंग मानव जीवन के लिए उपयोगी एवं कल्याणकारी है यहां तक की गोमूत्र और गोबर भी मनुष्य के लिए उपयोगी एवं औषधि स्वरूप है आज गौ माता की दुर्दशा के लिए हम सभी समान रूप से जिम्मेदार हैं हमें आज गोवंश के संरक्षण की आवश्यकता है विश्वकर्मा पुराण कथा के छठे दिन भी बड़ी संख्या में ग्रामीण कथा का रसपान करने कथा स्थल पर मौजूद रहते हैं आज की कथा में जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आसपास के क्षेत्र के ग्राम वासी उपस्थित हुए।

**खबर संक्षेप**

### बिजली कंपनी ने पतंगें बिजली की लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**बैतूल।** आगामी मकर संक्रांति के त्योहार के मद्देनजर बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फाल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उडाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्योहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

### निःशुल्क इलाज के लिए पंजीयन 10 तक कराएं

**बैतूल।** जिला आयुष विभाग द्वारा शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में गुदामार्ग से संबंधित रोगों के उपचार के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के लिए पंजीयन 26 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुआ था, जिसे अब बढ़ाकर 10 जनवरी 2026 तक कर दिया गया है। पंजीयन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा सकेगा। शिविर के अंतर्गत एनोरेक्टल रोगों का उपचार किया जाएगा। इसमें बवासीर, भगंदर, फिशर, पाइलों नाइडल साइनस एवं रेक्टल पॉलिप जैसे गुदामार्ग से जुड़े रोग शामिल हैं। मरीजों के लिए आवश्यक शल्य क्रिया 5 जनवरी 2026 से प्रारंभ की जाएगी। चिकित्सा शिविर में शल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि चौकीकर द्वारा उपचार एवं शल्य सेवाएं दी जाएंगी। महिला मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महिला चिकित्सक की भी उपस्थिति रहेगी। जिला आयुष विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि जो लोग उपरोक्त रोगों से पीड़ित हैं, वे अधिक से अधिक संख्या में चिकित्सालय पहुंचकर पंजीयन कराएं और निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाएं।

### स्व. डॉ. अशोक भार्गव की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**मुलताई।** प्रसिद्ध चिकित्सक एवं ग्रामीण विद्युत सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. अशोक भार्गव की स्मृति में विद्युत कर्मचारी साख सहकारी समिति बैतूल एवं क्रिश मेमोरियल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में 4 जनवरी (रविवार) को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर क्रिश मेमोरियल अस्पताल, मुलताई में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें विद्युत कर्मचारियों एवं उनके परिजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

## नगर पालिका अभी अस्थाई तौर पर कर रहा प्रयोग

# माचना एनीकेट की ऊंचाई के बढ़ने से स्टोर हो सकेगा अतिरिक्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

माचना एनीकेट की ऊंचाई बढ़ाकर नगरपालिका ज्यादा से ज्यादा पानी रोकने का प्रयास कर रही है। अभी यह अस्थाई तौर पर एक प्रयोग है, यदि यह सफल होता है तो आने वाले समय में इसे स्थाई रूप दिया जायेगा। दरअसल अभी माचना एनीकेट की जल भंडारण क्षमता करीब 0.73 एमसीएम है। जहां से शहर के सभी वार्डो में पानी की सप्लाई की जाती है। एनीकेट की क्षमता कम होने के कारण मार्च तक ही इसका पानी शहर की प्यास बुझा पाता था। अब एक-एक फीट गेट की ऊँचाई बढ़ाकर पिल्लरों पर सीमेंट की बोरियों के सहारे ऊंचाई बढ़ाने की योजना है। जिससे एनीकेट की क्षमता में इजाफा किया जा सके। इसका पूरा स्ट्रक्चर तो फिर से नहीं बनाया जा सकता, लेकिन इसकी क्षमता में थोड़ा-बहुत इजाफा किया जा सकता है। पहले एनीकेट का अंदरूनी हिस्सा खोखला था, लेकिन अब उसकी मरम्मत हो चुकी है। इसलिए ऐसा करना संभव है। इसी के तहत यह कदम उठाया गया है। बताया जा रहा है कि यह प्रयोग सफल होता है तो नगरपालिका के पास 10 से 15 दिनों का अतिरिक्त पानी स्टोर रहेगा।



### कम नहीं हुआ एनीकेट का महत्व

वैसे नगरपालिका ने पुराने फिल्टर प्लांट के सामने ही नया और अधिक क्षमता वाला प्लांट बनाया है। खेड़ी में ताप्ती नदी पर अधिक क्षमता वाला बैराज भी बनवाया है। इससे अब पानी वहीं से लिया जा रहा है। लेकिन माचना एनीकेट का महत्व इसके बावजूद कम नहीं हुआ। ताप्ती से पानी लेने में जब भी कोई परेशानी होती है, तब शहरवासियों की प्यास माचना एनीकेट ही बुझाता है। इससे नया बैराज बनने के बावजूद माचना एनीकेट अभी भी शहर की लाइफ लाइन बना हुआ है। नपा के इंजीनियरों का मानना है कि चूंकि ऊपरी हिस्से में पानी का ज्यादा प्रेशर नहीं होता। इसलिए इस तरह से पानी आसानी से रोका जा सकता है। हाइट बढ़ाकर इसमें इतना अतिरिक्त पानी स्टोर हो सकेगा, जिससे कि शहर में 10 से 15 दिन तक सप्लाई की जा सकेगी। वैसे नपा का यह प्रयोग तुरंत काम में नहीं आ सकेगा, क्योंकि एनीकेट का जलस्तर कम हो रहा है।

### तीन गुणा बढ़ चुकी है शहर की आबादी

शहरवासियों को जल आपूर्ति करने के लिए दशकों पहले विवेकानंद वार्ड में नगरपालिका द्वारा फिल्टर प्लांट और एनीकेट का निर्माण कराया था। निर्माण के बाद से माचना एनीकेट शहर की लाइफ लाइन बना हुआ है। जहां से शहर के सभी वार्डो में पानी की सप्लाई होती है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त माचना एनीकेट का निर्माण किया गया था, उसके अनुपात में अब शहर की आबादी करीब तीन गुना तक बढ़ गई है। इसके बाद भी माचना एनीकेट से पानी की आपूर्ति बनी हुई है। मार्च में माचना एनीकेट में पानी का लेवल कम होने या सूखने पर लाखापुर से पानी लाकर माचना एनीकेट में छोड़ा जाता है, जहां से पूरे शहर में पानी की सप्लाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाता है।

### अभी एक दिन के अंतराल में हो रही पानी सप्लाई

शहर में 33 वार्ड है। इन वार्डो में नगरपालिका द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। पानी की सप्लाई के लिए शहर में 9 टंकियां हैं। इनके माध्यम से रोजाना 22 से 75 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। अभी एक दिन के अंतराल से सप्लाई होती है। रोजाना सप्लाई के लिए और पानी की दरकार नगरपालिका को है। इसी के चलते क्षमता में इजाफा करने की मशक्कत पर बल दिया जा रहा है। बता दे कि शहर के वार्डो में वर्षो से एक दिन के अंतराल में ही पानी की सप्लाई की जाती रही है। रोजाना पानी की सप्लाई के लिए नगरपालिका को जल संग्रहण के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करना पड़ेगी। वैसे एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई करने पर माचना एनीकेट का पानी मार्च तक चल जाता है। मार्च के बाद लाखापुर से पानी लाकर शहर में सप्लाई व्यवस्था बनाई जाती है।

### लोहे की प्लेटो को एक-एक फीट जोड़ा

माचना एनीकेट की ऊंचाई बढ़ाने के लिए फिलहाल लोहे की प्लेटो को एक-एक फीट वेल्ड किया गया है। वहीं कांक्रीट के पिलरों की ऊंचाई सीमेंट की बोरियों के सहारे बढ़ाई जा रही है। नपा के इंजीनियरों का मानना है कि चूंकि ऊपरी हिस्से में पानी का ज्यादा प्रेशर नहीं होता। इसलिए इस तरह से पानी आसानी से रोका जा सकता है। हाईट बढ़ाकर इसमें इतना अतिरिक्त पानी स्टोर हो सकेगा, जिससे कि शहर में 10 से 15 दिन तक सप्लाई की जा सकेगी। वैसे नपा का यह प्रयोग तुरंत काम में नहीं आ सकेगा, क्योंकि एनीकेट का जलस्तर कम हो रहा है। ऐसे में फिलहाल जल स्तर बढने की कोई उम्मीद नहीं है। यदि आने वाले दिनों में अच्छा मावठा बरस जाता है तो जरुर पानी बढ़ जाएगा या फिर पानी खत्म होने पर नपा जब लाखापुर डैम से पानी लेगी, तब इसके पूरा भरने की उम्मीद है।

**प्रयास सफल होता...**

अभी माचना एनीकेट की एक फीट ऊंचाई बढ़ाने के लिए अस्थाई तौर से लोहे की प्लेटो को जोड़ा गया है, वहीं सीमेंट के पिल्लरों पर बोरी बंधान करके पानी रोकने का प्रयास है। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो इसे स्थाई रूप दिया जायेगा। जिससे कि अधिक से अधिक पानी माचना में रोका जा सके।

**धर्मेन्द्र राठौर,**
सब इंजीनियर, जल शाखा, नपा बैतूल

## इंदौर मौतों पर बयान से बवाल

# युवा कांग्रेस ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका



**बैतूल।** युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। यह विरोध इंदौर में हुई मौतों पर उनकी कथित अशोभनीय टिप्पणी और पत्रकारों के प्रति इस्तेमाल की गई भाषा को लेकर था। युवा कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री से विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की। कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय गंज में एकत्रित हुए और वहां से ऑटो चौक तक एक रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने कैलाश विजयवर्गीय मुर्दाबाद के नारे लगाए और मंत्री, भाजपा सरकार तथा संगठन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय सरदार यादव ने कहा, भागीरथपुरा हादसे में 15 लोगों की मौत के बाद जब पत्रकारों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल किए, तो उन्होंने अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। यह बेहद निंदनीय है। ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले मंत्री को सरकार को तत्काल पद से हटाना चाहिए। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह इवने ने प्रदर्शन के दौरान कहा, हम मौतों पर जवाब मांग रहे हैं, लेकिन सरकार जवाब देने से बच रही है। जिनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और मंत्री विजयवर्गीय से इस्तीफा लिया जाना चाहिए। पुतला दहन के समय पुलिस कर्मियों ने आग बुझाने के लिए पानी डाला, लेकिन कार्यकर्ताओं ने अपनी नारेबाजी जारी रखी। यह प्रदर्शन ऑटो चौक पर हुआ। इस मौके पर पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मोनू बड़ोनिया, कार्यवाहक अध्यक्ष कांग्रेस प्रशांत राजपूत, कालू आहूजा, राजू चौबे, रितेश गंगारे, मनीष साहू, किसान कांग्रेस अध्यक्ष गब्बर गोचरे और शुभम दिवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि दो दिन पहले इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कथित तौर पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया था, जिसके बाद कांग्रेस सहित कई संगठनों ने इसका विरोध जताया है।

### सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी से सेवानिवृत्त विनोद का निधन



**बैतूल/सारनी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में 34 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए विनोद कुमार पेसवानी का 2 जनवरी शुक्रवार को सारनी के आवास पर दुखद निधन हो गया। सृष्टि कंप्यूटर संस्थान के संचालक, समाजसेवी जितेन्द्र (बंटी) पेशवानी के बड़े भाई स्व. विनोद पेशवानी अपने आवास में अचेत पाए गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संभावना जताई जा रही है कि हृदयाघात से उनकी सांस थम गई। मिलनसार, मृदुभाषी स्वभाव के धनी स्व. पेशवानी के निधन की जानकारी मिलते ही सारनी में उनके सहकर्मी, शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। स्व. पेशवानी का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे कोठीबाजार बैतूल मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## तीन प्रदेश 63 दिन में मां ताप्ती का संदेश पहुंचाकर होगा यात्रा समापन

# ताप्ती तट से प्रारंभ हुई संपूर्ण ताप्ती परिक्रमा यात्रा

**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई स्थित श्री क्षेत्र ताप्ती मंदिर से प्रतिवर्ष निकलने वाली मां ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ गुरुवार को विधि-विधान और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। प्रातःकाल बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं परिक्रमा यात्री गाजे-बाजे के साथ ताप्ती मंदिर पहुंचे, जहां मां ताप्ती की पूजा-अर्चना के पश्चात पदयात्रा सूर्यकुंड होते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई।

पदयात्रा के नगर से गुजरने के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा मां ताप्ती रथ पर पुष्प वर्षा की गई तथा भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने रथ में विराजित मां ताप्ती एवं पावन ताप्ती जल कलश की पूजा-अर्चना की। नागरिकों द्वारा पदयात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। मां ताप्ती के उद्गम स्थल से निकलने वाली इस परिक्रमा यात्रा को आज नगर में पर्व के रूप में मनाया जाता है। प्रारंभ में यह यात्रा छोटे स्वरूप में होती थी, जो अब विशाल धार्मिक आयोजन का रूप ले चुकी है। वर्तमान में इसकी तैयारियां लगभग 15 दिन पूर्व से प्रारंभ हो जाती हैं। प्रचार-प्रसार, व्यवस्थाओं एवं मार्ग नियोजन को लेकर बैठकों का दौर चलता है। इस वर्ष भी यात्रा के आवाहान हेतु एक दिन पूर्व ध्वज यात्रा निकाली गई। शिक्षक संघ द्वारा सभी पदयात्रियों का पंजीयन किया गया तथा पहचान पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही क्रिश्चियन मेमोरियल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा यात्रा में शामिल पदयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



**तीसरे पड़ाव की ओर रवाना हुई परिक्रमा यात्रा :** ताप्ती मंदिर से निकली परिक्रमा यात्रा का प्रथम पड़ाव मरही माता मंदिर रहा, जहां मंदिर समिति द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत कर श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसादी वितरित की गई। नगर के मध्य से गुजरते समय श्रद्धालुओं द्वारा यात्रियों के लिए पेयजल, चाय एवं बिस्किट की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात पदयात्रा दूसरे पड़ाव ज्ञानेश्वर शिव मंदिर पहुंची, जहां मंदिर समिति द्वारा यात्रियों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। प्रसादी ग्रहण करने के बाद परिक्रमा यात्री तीसरे पड़ाव की ओर रवाना हुए।

**63 दिन में ताप्ती-समुद्र संगम पहुंचेगी परिक्रमाः** 2 जनवरी को ताप्ती मंदिर से प्रारंभ हुई यह संपूर्ण ताप्ती परिक्रमा यात्रा मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र की सीमाओं से गुजरते हुए गुजरात के डुमस पहुंचेगी, जहां खंभात की खाड़ी में ताप्ती नदी का समुद्र से संगम होता है। वहां मां ताप्ती की पूजा-अर्चना के साथ यात्रा का विधिवत समापन किया जाएगा।

### घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**बैतूल।** भारत भारती क्षेत्र के पास तीन दिन पहले घायल अवस्था में मिले एक युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, काका ढाबे के पास एक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मारी थी। मौके पर मौजूद लोकेश यादव ने 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटनास्थल से एमपी04-एमजेड-1965 नंबर की टीवीएस कंपनी की बाइक बरामद हुई है। बाइक पर दूध-दही के अवशेष मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक दूध वितरण का काम करता था। वाहन को सोनाघाटी चौकी में खड़ा किया गया है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नरेंद्र उइके ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले के सभी थानों को सूचना भेजी गई है, लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### बैतूल में 4-5 को होगा विशेष कीर्तन दीवान

**बैतूल।** सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब-ए-कमाल एवं सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के पावन आगमन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, बैतूल में 4 और 5 जनवरी को विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध रागी जत्था बाबा कंवलजीत कौर मरकीन मार्कंडे वाले द्वारा गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 4 जनवरी, रविवार को शाम 7 से रात 9 बजे तक रात्रि विशेष कीर्तन दीवान होगा, इसके बाद गुरु का अटूट लंगर रहेगा। 5 जनवरी, सोमवार को प्रातः 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक कीर्तन दीवान, दोपहर 1.30 से शाम 4 बजे तक गुरु का लंगर तथा शाम 7 से रात 9 बजे तक सायंकालीन कीर्तन दीवान आयोजित होगा, जिसके बाद दूध का लंगर होगा। उल्लेखनीय है कि श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब में हुआ था। वे महान संत, वीर योद्धा, कवि और समाज सुधारक थे।

# 60 करोड़ में जेल परिसर निर्माण के लिए जमीन पर एमराल्ड हेरीटेज की होगी जांच

## कलेक्टर के आदेश पर 9 अधिकारियों का दल किया गठित



**बैतूल।** पुर्नघनत्वीकरण नीति 2018 के तहत बैतूल के जेल प्रोजेक्ट पर लगातार सवाल उठ रहे थे। वहीं इस प्रोजेक्ट में कढाई में नवीन जेल परिसर निर्माण 60 करोड़ में किया जा रहा है और इसके बदले वर्तमान जेल परिसर की करीब 6 एकड़ जमीन दी जा रही है, जिसका बाजार मूल्य 60 करोड़ से कहीं ज्यादा करोड़ों रुपए में आंका जा रहा है। वर्तमान जेल परिसर में जो जमीन पुर्नघनत्वीकरण नीति में दी गई है, वहां पर एमराल्ड हेरीटेज नामक फर्म कॉलोनी डेवलप कर फ्लैट दुकानें आदि बनाकर बेचेगी। इस एमराल्ड हेरीटेज को लेकर लगातार सवाल उठते रहें है। ऐसी स्थिति में कलेक्टर के आदेश पर बैतूल एसडीएम ने एमराल्ड हेरीटेज को लेकर तथ्यात्मक जांच हेतु 9 सदस्यीय जांच दल गठित किया है, जो सात दिनों में अपनी जांच रिपोर्ट देगा। इस संबंध में जब एमराल्ड हेरिटेज के कर्ताधर्ताओं से हमने संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### यह अधिकारी हैं जांच दल में

तहसीलदार बैतूल नगर पूनम साहू, नपा सीएमओ बैतूल सतीष मटसेनिया, सहायक संचालक टीएनसीपी विनोद परस्ते, रेंजर बैतूल रेंज एपी शुक्ला, सहायक यंत्री हाउसिंग बोर्ड प्रकाश पंजवानी, सहायक यंत्री नपा बैतूल नीरज धुर्वे, उपयंत्री नपा बैतूल नागेंद्र वागद्रे, आरआई भीमराव पोटफोडे और सुखराम सिरसाम को रखा गया है।

### इन तथ्यों पर होगी जांच

1. एमराल्ड हेरीटेज को जो कॉलोनी विकास की अनुज्ञा दी गई, वह क्या नियम अनुकूल है ?
2. एमराल्ड हेरीटेज को जो विभिन्न विभागों से अनुमतियां प्रदान की गई है, क्या वह सभी नियम के अनुकूल. है ?
3. जेल प्रोजेक्ट में कढ़ाई और वर्तमान जेल परिसर में जो पेड़ काटे गए, क्या उनकी अनुमति विधि और नियम के अनुसार है ?
3. पुर्नघनत्वीकरण नीति के विपरीत शहर की जमीन के बदले गांव की जमीन देकर निर्माण कराया जाना, क्या जायज है ?
5. कढ़ाई में नवीन जेल परिसर निर्माण में पंचायत के जो तालाब और अन्य संपत्ति प्रभावित हुई है, उसमें क्या क्षतिपूर्ति या कार्रवाई हुई ?
6. वर्तमान जेल परिसर से वर्तमान में कितनी जमीन एमराल्ड हेरीटेज को रजिस्ट्री कर आवंटित की गई और एमराल्ड हेरीटेज ने कितनी जमीन पर कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, रेरा और टीएनसीपी से ली है, क्या यह नियम अनुसार है ?

**तीन दिन में रिपोर्ट...**

जिला कार्यालय से प्राप्त पत्र के आधार पर 9 सदस्य जांच दल गठित किया गया है। जो शिकायती भूमि पर पेड़ की अवैध कटाई तथा एक व्यक्ति द्वारा भूमि स्वामी होने संबंधी जो दावा किया गया है, उसकी जांच सहित अन्य जो भी तथ्य सामने आते हैं, उनकी विधिवत मय रिकॉर्ड के जांच कर जांच समिति तीन दिवस में कलेक्टर को रिपोर्ट सौपेगी।

**- डॉ. अभिजीत सिंह,** एसडीएम बैतूल

## धारूल में बोरी बंधान से जल संचयन अभियान का समापन

# जल संकट में बोरी बंधान कर रहे संजीवनी बूटी का कामः मधु चौहान

**बैतूल।** मध्य प्रदेश जन अभियान आठनेर के निर्देशन में 15 नवंबर से 30 दिसंबर तक मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम आठनेर के छात्र-छात्राओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा विकासखंड के चयनित स्थानों पर बोरी बंधान एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर की विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने ग्राम धारुल की नदी पर किए गए बोरी बंधान में उपस्थित लोगों के समक्ष कहा कि जल की कीमत का महत्व हम सभी लोगों को समझना चाहिए। जल का विवेकपूर्ण उपयोग ही जल का संवर्धन है और यह कार्य जन जागरूकता से ही संभव है।

हम जल बचाने के छोटे-छोटे प्रयासों से यह असंभव से लगने वाले कार्य को संभव कर सकते हैं। इसके अंतर्गत बोरीबंधान एक सरल,सहज और सस्ता उपाय है। जल संकट में बोरी बंधान संजीवनी बूटी का कार्य कर रहे हैं। सेक्टर कांवला की नवांकुर संस्था सतपुड़ा पर्यावरण समिति आठनेर के अध्यक्ष सतीश ठाकरे ने कहा कि पानी के प्रति यदि अभी सजग नहीं हुए तो आने वाले समय में जल संकट विकराल रूप ले सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल को अधिक से अधिक रोकना, भू-जल स्तर को बढ़ाना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित जल दोहन, वर्षा जल का बह जाना और बढ़ती आबादी के कारण पानी की समस्या लगातार गहराती जा रही है।



## विधायक ने सेवाभाव और सामाजिक सरोकार का दिया संदेश

# बच्चों व पालकों को स्नेहभोज आमंत्रित कर संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पूर्व सांसद स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं उनके परिवार द्वारा संचालित किया जा रहे विजय सेवा न्याय द्वारा बेसहारा बच्चों को पढ़ाई करवाने, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देने और भविष्य निर्माण का जिम्मा उठाया है।

दो वर्षों के दौरान विजय सेवा न्यास बैतूल द्वारा बेसहारा को सहारा प्रकल्प के तहत विभिन्न घटनाओं-दुर्घटनाओं में माता-पिता या पिता के दिवंगत होने पर बेसहारा हुए 46 बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा, रोजगार सहित समग्र विकास की जिम्मेदारी ली है। न्यास द्वारा 46 बेसहारा बच्चों की कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई के साथ उच्च शिक्षा और रोजगार की चिंता की जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने नव वर्ष का पहला दिन गोद लिए 46 बच्चों और उनके पालकों के साथ बिताया। सेवाभाव एवं सामाजिक सरोकार का संदेश देते हुए श्री खंडेलवाल ने बच्चों और उनके पालकों को बैतूल स्थित निवास पर स्नेह भोज पर आमंत्रित कर संवाद किया। उन्होंने बच्चों से अभिभावक के रूप में चर्चा कर आश्वस्त किया कि उनकी पढ़ाई और भविष्य निर्माण की चिंता वे स्वयं कर रहे हैं। मेहनत से पढ़ाई करें। फीस के साथ ही पाठ्य सामग्री सहित अन्य सुविधाएं उनके द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।



**स्कूल की फीस जमा करने के साथ ही कर रहे हैं आर्थिक मदद :** विजय सेवा न्याय द्वारा गोद लिए 46 बच्चों में से 44 बच्चे निजी स्कूलों में तथा दो बच्चे सरकारी स्कूल में अध्ययनरत हैं। निजी स्कूलों में अध्ययनरत 42 बच्चों की फीस प्रतिवर्ष विजय सेवा न्याय द्वारा भुगतान की जा रही है। स्वेच्छा से निजी स्कूलों द्वारा फीस के

### *निरंतर जारी रहेगा सहयोग*

*नव वर्ष की शुरुआत सेवाभावी पहल से करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने 1 जनवरी को विजय सेवा न्याय द्वारा गोद लिए 46 बच्चों और उनके पालकों को अपने निवास पर स्नेह भोज पर आमंत्रित कर संवाद किया।चर्चा के दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षा ,स्वास्थ्य एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।बच्चों और पालकों ने खुलकर बात कर पढ़ाई, रुचियां, भविष्य की योजनाओं सहित समस्याओं को साझा किया। श्री खंडेलवाल ने बच्चों और पालकों की समस्याओं का संतुष्टिकारक समाधान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल सहानुभूति नहीं बल्कि शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर अवसर देने की जरूरत है। जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और मेहनत से पढ़ाई कर जिंदगी में बेहतर मुकाम हासिल कर सकेंगे। उन्होंने बच्चों और पालकों को आश्वस्त किया कि यह सहयोग निरंतर जारी रहेगा। बच्चों को शिक्षित करने और पालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी।*

## आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**इटारसी।** महिला एवं बाल विकास विभाग इटारसी के सहयोग से CIMS कॅरियर हॉस्पिटल द्वारा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 03 जनवरी 2026 को त्रिशला नंदन गार्डन, पुरानी इटारसी में किया जा रहा है। शिविर में महिलाओं एवं बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा सामान्य रोगों का उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा परामर्श, जांच एवं उपचार किया जाएगा। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार गुप्ता, हेड एंड नेक/ओरल कैंसर सर्जन डॉ. अनिकेत चौहान, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलेश बनसोडे, मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट डॉ. अनुपम मालवीय, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. प्रफुल्ल परमारथ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता अग्रवाल के साथ CIMS कॅरियर हॉस्पिटल की अनुभवी डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम उपस्थित रहेगी। इस अवसर पर पार्षद अमृता मनीष ठाकुर ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि महिलाएं एवं बेटियां अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं तथा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की नींव है।

### एक वर्ष पूर्व भाजपा मंडलाध्यक्ष ने ब्रिज कार्पोरेशन से की थी सुधार की मांग

# बदहालीः क्षतिग्रस्त होते पलकमती नदी सड़क मार्ग पुल के ज्वाइंट, फुटपाथ के प्लेटफार्म बुरी तरह टूटे

शहर में पलकमती नदी पर सड़क मार्ग का पुराना पुल 1989 में टूटा तो नया पुल बनाकर लोकार्पित किया गया। लेकिन अब नए पुल की सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है तथा फुटपाथ टूट रहा है। नागरिकों को सुधार की अपेक्षा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

निर्माण जानकारों ने बताया कि नदी के सड़क मार्ग का पुल जॉइंट पद्धति से बना है। जिसमें जॉइंट्स के गैप बढ़ गए हैं व इनमें बाईक्स के पहिये फंसते हैं। बड़े वाहन जॉइंट गैप्स के कारण क्षतिग्रस्त होते हैं। चौड़े हुए गैप्स के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है। कुछ वर्ष पूर्व गैप का पुराव किया गया था। लेकिन अब गैप्स बढ़ रहे हैं। जिनसे वाहन चालकों व यात्रियों को परेशानी होती है।

### टूटे फुटपाथ के प्लेटफार्म

नागरिकों के अनुसार पुल के दोनों फुटपाथ के प्लेटफार्म टूट रहे हैं। जगह-जगह प्लेटफॉर्म धंसककर टूटने लगे हैं। फुटपाथ की टूटन से नागरिक चोटग्रस्त हो सकते हैं। रात्रि में टूटे प्लेटफार्म नजर नहीं आते हैं तो राहगीर पैर फंसने से गिरकर चोटिल हो सकते हैं। नागरिक आश्चर्यचकित हैं कि अधिकारी इसी पुल से रोजाना आना-जाना करते हैं, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की थी सुधार की मांग

नागरिकों की शिकायत पर 18 दिसंबर 2024 को सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज ने ब्रिज कॉरपोरेशन अधिकारी से फोन पर चर्चा की थी। सरोज ने लौवंशी से कहा था कि लंबे समय से पुल की सड़क व फुटपाथ खस्ताहाल हैं। और ऐसा नहीं है कि विभाग को इसकी जानकारी नहीं है। फिर सुधार क्यों नहीं किया जा रहा। अधिकारी ने जल्द ही सुधार कराने का जवाब सरोज को दिया था। आंशिक सुधार कराया था, लेकिन फिर से पुल की रोड व फुटपाथ क्षतिग्रस्त हो चले हैं।

### 30 वर्ष हुई क्षतिग्रस्त पुल की उम्र

उल्लेखनीय है कि सन 1989 के सितंबर माह में दशकों पुराना पुल टूट गया था। जिसके बाद नया पुल निर्मित किया गया। नगर के वरिष्ठजन बताते हैं कि 1995-96 को नया पुल लोकार्पित हुआ था। तभी से इस पर सतत यातायात जारी है। नर्मदापुरम पचमढ़ी स्टेट हाईवे के सबसे प्रमुख सड़क मार्ग पुलों में सोहागपुर में पलकमती नदी पर बना सड़क मार्ग पुल शामिल है। जिसके समय-समय पर मेंटेनेंस की अति आवश्यकता नागरिक अनुभव करते हैं। लेकिन संबंधित विभाग इस और ध्यान नहीं दे पा रहा है। जबकि पुल की उम्र लगभग 30 वर्ष हो चुकी है। नागरिकों के अनुसार संबंधित विभाग को प्रतिमाह पुल की स्थिति की समीक्षा करते हुए सुधार के कार्य करने चाहिए।

### अधिकारियों से फिर करेंगे चर्चा...



मैंने ब्रिज कॉरपोरेशन अधिकारी से पुल सुधार की बात कही थी। अब जन समस्या के निराकरण के लिए पुनः सुधार के लिए बात करूंगा।
**अश्विनी सरोज, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष**

## रेलवे पुलिस ने सेमरी पहुंचकर चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

निरीक्षक रेल्वे सुरक्षा बल मनीष पाण्डेय के निर्देशन पर उपनिरीक्षक राजवीर सिंह एवं रेसुबल इटारसी स्टाफ के द्वारा ग्राम पंचायत सेमरी खुर्द पंचायत भवन में सरपंच पूजा धुर्वे की मौजूदगी में सेमरी खुर्द, डोलरिया गांव के स्थानीय निवासियों को इकठ्ठा कर जागरूकता अभियान चलाया।

जिसमे ट्रेन में बिना उचित कारण के चैन पुलिंग न करने, ट्रेक के पास पशु नहीं चराने तथा अपने अपने बच्चों को चलती ट्रेनों में पत्थर ना मारने-रेलवे ट्रैक पर पत्थर नही रखने तथा रेलवे लाइन क्रॉस नहीं करने, समपार फाटकों पर गेट मेन के साथ गाली गलोंज नहीं करने, रेल लाइन के आसपास किसी तरह का जलाव नहीं करने, आदि के संबंध में विस्तार से समझाइश दी गई। साथ ऐसा करने से होने वाले नुकसान व रेल अधिनियम के तहत की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में अवगत कराया गया।

## सहायक उप निरीक्षक जसवीर के सेवानिवृत होने पर नगर सुरक्षा समिति ने किया सम्मान

**देवास।** पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ जसवीर सिंह अरोरा के सेवानिवृत होने पर नगर सुरक्षा समिति ने एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदोरिया के आतिथ्य में शाल,श्रीफल पुष्मालाओं से सम्मान कर बिदाई दी गई। नगर सुरक्षा समिति के अनिल सिंह बैस ने कहा कि अरोरा ने पुलिस विभाग में सत्य निष्ठा ओर ईमानदारी से कार्य करते हुए पुलिस एवं आम लोगों के बीच तालमेल बैठाकर अपराधों पर नियंत्रण करने में अनुकरणीय योगदान दिया। अरोरा खातेगांव, कन्नौद, सिटी कोतवाली, औधोगिक थाना सहित जिले भर के कई थानों में पदस्थ रहे।

## सेवादल कांग्रेस ने मंत्री विजयवर्गीय के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश सहित इटारसी में भी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ सेवादल नगर अध्यक्ष दिलीप गोस्वामी के नेतृत्व में इंदौर में दूषित पानी से हुई मृत्यु के कारण भाजपा सरकार के मंत्रीकैलाश विजय वर्गीय के खिलाफ जमकर सभी ने हल्ला बोला। कार्यक्रम मे युवक कांग्रेस के द्वारा पुतला जलाया साथ ही कार्यक्रम के पश्चात सभी ने नम आंखों से मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक गोस्वामी से हमने बात की तो उन्होंने बताया कि आज पूरे प्रदेश में एक आक्रोश है भाजपा की नीतियों के खिलाफ और कैलाश विजयवर्गी के खिलाफ भाजपा मंत्री की जिस प्रकार की भाषा थी मीडिया के लिए, वह अशोभनीय थी। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवि जैसवाल, वरिष्ठ नेता रमेश साहू, अजय शुक्ला, केलु उपाध्याय, पंकज राठौर, मोहन चौहान, नेहा चावरे, लाली सलूजा, अशोक जैन, संतोष गुरयानी, अजय अहिरवार, सम्मी जैसवाल, सौम्या दुबे, गोल्डी चौधरी, गोल्डी बेस सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जेडआरयूसीसी सदस्य ने अफसरों संग जांची रेल क्षेत्र की सड़क, 20 दिन में शुरू होगा रेल्वे स्टेशन से ठंडी पुलिया की रोड का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल क्षेत्र की बदहाल सड़कों की सूरत जल्द बदलने वाली है। जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने रेल अधिकारियों के साथ डीजल शेड से भीलाखेड़ी तक के मार्ग का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे ने बड़ी राहत देते हुए घोषणा की कि अगले 20 दिनों के भीतर स्टेशन से ठंडी पुलिया तक सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### खराब सड़क से 'स्पाइन' की समस्या, सुधार के निर्देश

निरीक्षण के दौरान योगेंद्र सिंह राजपूत ने एडीईएन नरेश कुमार बरैया और आईओडब्ल्यू विवेक नामदेव को डीजल शेड से कलमेशरा और भट्टी होते हुए रेल अंडरपास तक जाने वाली सड़क की दुर्दशा दिखाई।



**रीढ़ की हड्डी को खतरा**

राजपूत ने बताया कि सीमेंट सिलिपाट से बनी सड़क पर डस्ट न होने के कारण गहरे झटके लगते हैं, जिससे वाहन चालकों को रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं हो रही हैं।

**कच्चे रास्ते का समाधान**

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और सिलिपाट रोड के बीच के कच्चे हिस्से को भी व्यवस्थित करने पर चर्चा हुई। अंडर ब्रिज पर सड़क निर्माण की मांगभीलाखेड़ी मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले रेल अंडर ब्रिज पर भी सड़क निर्माण की जरूरत बताई गई। इस पर एडीईएन नरेश कुमार बरैया ने तकनीकी स्पष्टता देते हुए कहा कि यद्यपि यह क्षेत्र सीधे उनके विभाग के अधीन नहीं है, लेकिन जनसुविधा को देखते हुए वे इसका प्रस्ताव संबंधित विभाग तक पहुंचाएंगे।

**बड़ी राहत** 20 दिन में बदल जाएगी ठंडी पुलिया रोड की तस्वीर निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी खबर ठंडी पुलिया और बारह बंगला क्षेत्र के लिए निकलकर आई। जेडआरयूसीसी सदस्य के सवाल पर एडीईएन बरैया ने पुख्ता जानकारी दी कि रेलवे स्टेशन से ठंडी पुलिया और बारह बंगला क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य 20 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से शुरू कर दिया जाएगा। इस घोषणा से हजारों रेल कर्मियों और क्षेत्रवासियों को उबड़-खाबड़ रास्तों से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है।

## नो मैपिंग मतदाताओं की 5 जनवरी से प्रक्रिया शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, विधानसभा क्षेत्र 137-इटारसी के अंतर्गत मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 चलाया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत इटारसी खंड में 4081 ऐसे मतदाताओं की पहचान की गई है जिनकी मैपिंगनहीं हो पाई है। इन मतदाताओं के सत्यापन के लिए प्रशासन द्वारा विशेष सुनवाई आयोजित की जा रही है।

**सुनवाई का कार्यक्रम और अधिकारीः**

यह सुनवाई 05 जनवरी 2026 से शुरू होकर 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। सुनवाई के लिए सुनीता साहनी तहसीलदार, इटारसी पुराना अनुविभागीय कार्यालय, इटारसी, शक्तिश्री तोमर अतिरिक्त तहसीलदार, नर्मदापुरम पुराना अनुविभागीय कार्यालय, इटारसी, श्रीमती रूचि गोयल नायब तहसीलदार निर्वाचक कक्ष, तहसील कार्यालय, इटारसी और हंस कुमार ओनकर नायब तहसीलदार निर्वाचक कक्ष, तहसील कार्यालय, इटारसी अधिकारी रहेंगे।

### मतदाताओं के लिए जरूरी निर्देश

चिन्हित मतदाताओं को उनके संबंधित बीएलओ के माध्यम से सूचना पत्र दिए जाएंगे, जिसमें सुनवाई की निश्चित तिथि और समय अंकित होगा। सुनवाई के दौरान मतदाताओं को आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, सरकारी पहचान पत्र या शैक्षणिक प्रमाण पत्र जैसे मान्य दस्तावेज साथ लाने होंगे।

जो नागरिक पहली बार अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना चाहते हैं, वे फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भरकर अपने बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी चिन्हित मतदाताओं से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर मैपिंग की प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

## श्रीशतचंडी महायज्ञ को लेकर श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति की बैठक का आयोजन, दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री बूढ़ी माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 51 वे वर्ष में श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 26 जनवरी से किया जा रहा है। शहर के सबसे बड़े आयोजन को लेकर शुक्रवार को श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यरूप से श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष पंकज चोरे, समिति के सचिव जगदीश मालवीय, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ता प्रमोद पगारे, दीपक अठोत्रा की उपस्थित में हुई। बैठक में प्रतिवर्षानुसार जो भी व्यवस्थाएं रहती है उनकी जिम्मेदारी मंदिर समिति द्वारा सदस्यों को सौपी गई।



श्री शतचंडी महायज्ञ 26 जनवरी से कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। शोभायात्रा समिति की प्रमुख जिम्मेदारी जसबीर छाबड़ा को दी गई है। वही शोभायात्रा पालकी बग्गी सजावट अंकित तिवारी एवं मयंक तिवारी, प्रतिदिन ब्राह्मण भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी कृष्ण कुमार चोरे और उनकी टीम, मेला समिति व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी के प्रमुख दीपक अठोत्रा एवं सहयोगी मयंक तिवारी, भंडारे की व्यवस्था की जिम्मेदारी महिला को प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी मंजू ठाकुर पत्रकार एवं पार्षद गीता पटेल को दी गई है।

पुरुषों को प्रसाद वितरण में भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चोरे, मोहन मालवीय, संतोष राजवंशी, गौरव, जयमल सिंह नायक, सतीश सिंह, शैलेन्द्र दुबे, गोपाल शर्मा एवं चंचल पटेल को दी है। प्रतिदिन प्रसाद वितरण में कूपन व्यवस्था प्रसाद में अशोक खंडेलवाल पप्पू सेठी, शरद गुप्ता,मनोज सोनी,राजेश के साथ उनकी टीम रहेगी। जागरण समिति में बसंत बत्रा, अंकित तिवारी, प्रचार प्रसार समिति प्रमुख इन्द्रपाल सिंह पत्रकार एवं साउंड व्यवस्था नारायण सेन को दी गई है।

## बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यक और हिन्दू धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर टाइगर वाहिनी इटारसी के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीलेश शर्मा को कार्यालय में सौपा गया।

टाइगर वाहिनी के संस्थापक अध्यक्ष शिवम सेजकर ने बताया कि बांग्लादेश में 1.35 करोड़ हिन्दू रहते है, वर्तमान समय में वहां के अल्पसंख्यक हिन्दूओं पर इस्लाम को मानने वाले बहुसंख्यकों के द्वारा सुनियोजित योजना से हिंसक घटनाएं की जा रहा है, जिससे हिन्दूओ के जानमाल का नुकसान हो रहा है, ऐसी घटनाओं के कारण विश्व और भारत में रहने वाले बहुसंख्यक हिन्दूओं में गंभीर




चिंता और आक्रोश है। टाइगर वाहिनी द्वारा ज्ञापन के द्वारा राष्ट्रपति से मांग की गई है कि भारत सरकार बांग्लादेश में रहने वाले हिन्दूओं के जान माल एवं धार्मिक आस्थाओं के केन्द्रों की रक्षा और सुरक्षा के लिये प्रभावी महत्वपूर्ण निर्णय जल्द लेकर कठोर कार्यवाही करे। इस दौरान राजकुमार मालवीय, आशुतोष दिक्षित, सौरभ गुप्ता, अभिजीत यादव, उदित राव, अभय चौरे, अंकित राजपूत सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका, इंदौर घटना का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

युवा कांग्रेस के आव्हान पर शुक्रवार को सोहागपुर में कांग्रेस नेताओं ने मप्र शासन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया है। इंदौर में दूषित पेयजल पीने से हुई मौतों एवं उसके बाद कैलाश विजयवर्गीय के दुर्व्यवहार के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है।

कांग्रेसियों ने बताया कि गत दिनों इंदौर में नगर निगम की लापरवाही से वहां के रहवासियों को दूषित पानी सप्लाई किया गया। दूषित और जहरीला पानी पीकर वहां की महिलाएं, पुरुष व छोटे-छोटे बच्चे बीमार हो गए हैं। यहां तक कि 15 लोगों की मौत भी हो गई है और लगभग 500 से अधिक लोग भी अस्पताल में भर्ती हैं। जो जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। जबकि वहां के पार्षद, महापौर और प्रदेश के स्थानीय शासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के ही जनप्रतिनिधि हैं। उक्त घटित घटना के संदर्भ में जब मीडिया के लोग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल पूछते हैं तो मंत्री अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए उलटे झल्लाकर मीडिया के साथ अशोभनीय भाषा में बातकर दुर्व्यवहार करते हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि इंदौर की घटना अत्यंत असंवेदनशील है। जिसने अनेक जानें ली हैं।



सोहागपुर युवा कांग्रेस द्वारा असंवेदनशील, अमर्यादित और अशोभनीय भाषा का उपयोग करने वाले स्थानीय शासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया है। साथ ही महापौर, पार्षद और मंत्री की जवाबदेही तय कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की गई। इस दौरान सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर, कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, मंजेश पटेल, नीरज चौधरी, प्रशांत मालवीय, जलज शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राज्यपाल से कलाव्योम फाउंडेशन के प्रतिनिधियों की शिष्टाचार मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलाव्योम फाउंडेशन की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के संदर्भ में कलाव्योम के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल और मोहित सिंह ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा मालवा क्षेत्र में शिक्षा, कला, संस्कृति, पर्यावरण तथा सामाजिक चेतना के क्षेत्र में संचालित विविध कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं भावी पहलों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को प्रदान की। विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों के समग्र, मूल्यपरक तथा रचनात्मक विकास को केंद्र में रखकर संचालित 'ज्ञानव्योम' पहल पर सार्थक चर्चा हुई।

### अभिमन्यु बस्ती सम्मेलन में आचार्य पं सोमेश परसाई हुए उपस्थित

## हिंदू सम्मेलन में महारुद्राभिषेक, शोभायात्रा व रुद्राक्ष वितरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अभिमन्यु बस्ती स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत भव्य, सफल एवं दिव्य वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन के अंतर्गत संगीतमय दिव्य महारुद्राभिषेक, नर्मदा अष्टक, नर्मदा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कलश एवं शोभा यात्रा से हुई शुरुआत। सम्मेलन की शुरुआत सुबह कलश एवं शोभा यात्रा से हुई, जिसमें मातृशक्ति, युवा एवं धर्मप्रेमी नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।






जयघोष, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली शोभा यात्रा ने नगर को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। **आचार्य सोमेश परसाई ने कराया महारुद्राभिषेकः** दोपहर को नर्मदा अंचल के प्रसिद्ध आचार्य पंडित सोमेश परसाई के सान्निध्य में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दिव्य महारुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। अनुष्ठान के दौरान शिव भक्ति और मंत्रों की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

**नर्मदा अष्टक, आरती और रुद्राक्ष वितरणः** महारुद्राभिषेक के पश्चात नर्मदा अष्टक पाठ, नर्मदा आरती तथा अनुष्ठान में पूजित पवित्र रुद्राक्षों का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने इसे दुर्लभ और पुण्यदायी अवसर बताया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता ज्ञानराव जी बर्डे ने सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता एवं राष्ट्र निर्माण पर अपने विचार रखे। संघ के विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में मेधा तिवारी, छविराज सोनी, कार्यक्रम सहसंयोजक अभिषेक तिवारी एवं भारती मंजीत क्लोसिया की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन के यजमान पार्षद अमृता मनीष ठाकुर एवं मनीष ठाकुर रहे। उनके समर्पण एवं नेतृत्व से कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और अत्यंत सफल रहा।

## बिजली संकट से जूझ रहे दर्जनों गांव, ग्रामीणों ने दी अंतिम चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश के ब्लॉक केसला के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में पिछले दो महीनों से गहराते बिजली संकट ने ग्रामीणों और किसानों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। हमारा गांव संगठन के बैनर तले ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता को पत्र सौंपकर आगामी तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 60 दिनों से क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो रही है। इस बिजली कटौती का सीधा असर क्षेत्रों पर पड़ रहा है। सिंचाई के अभाव में किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं और पढ़ाई के समय बिजली न होने से छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है।

बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में भारी नाराजी देखी जा रही है। बिजली की समस्या से प्रभावित होने वाले मुख्य गांवों में भोबदा, साधपुरा, पिपरिया, सारादेह, कोहदा, लालपानी, रांझी, भातना, चांदकिया, खोहरा, चिचवानी और छितापुरा सहित आसपास के दर्जनों गांव शामिल हैं।

हमारा गांव संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि 3 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं की गई, तो समस्त ग्रामवासी और किसान मजबूर होकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। संगठन ने यह भी चेतावनी दी है कि इस स्थिति में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना या अव्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और विभाग की होगी। इस शिकायत की एक प्रति उपखंड अधिकारी (राजस्व) इटारसी को भी प्रेषित की गई है ताकि मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया जा सके।

## आलमपुर में बायो रिसर्च सेंटर का किया गया शुभारंभ

# जैविक प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों में चेतना आना जरूरी: कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि अंधाधुंध रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का उपयोग हमारी कृषि भूमि को धीरे-धीरे बंजर बना रहा है, आज प्रत्येक किसान में जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति चेतना आना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती से खेतों में उत्पादकता कम हो रही है एवं रासायनिक अनाज व खाद्य सामग्री के उपयोग से बीमारियां बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक किसान को रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के उपयोग से दूरी बनाना जरूरी है। कलेक्टर श्री जैन शुक्रवार को जिले के ग्राम आलमपुर में आत्मा परियोजना तथा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन द्वारा कस्तूरी जैव संसाधन केंद्र में आयोजित प्राकृतिक/जैविक कृषक संगोष्ठी सह कृषक उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान यहां बायो रिसर्च सेंटर का भी शुभारंभ किया गया।

जैन ने कहा कि जिले को प्राकृतिक/जैविक खेती के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। जैविक उत्पाद विक्रय करने वाले कृषकों की जानकारी जिले की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी ताकि इन कृषकों को बेहतर मार्केट उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कस्तूरी जैव संसाधन के संचालक डॉ. शिवनारायण चाचरे ने कहा कि मौजूदा समय में रासायनिक खेती के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। वर्तमान समय में खेती में जैविक/ प्राकृतिक पद्दति अपनाना समय की जरूरत है। जैविक खेती से उत्पादन में कमी नहीं आती। साथ ही इसकी लागत भी बहुत खर्चीली नहीं है। सभी किसान अपनी खेती के एक हिस्से में जैविक /प्राकृतिक खेती की शुरुआत जरूर करें। उन्होंने कहा कि जैविक खेती के साथ- साथ पशुपालन अपनाना खेती की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गौ माता देश की निर्माता है, अतः सभी किसान गोपालन अवश्य करें। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने कहा कि जैविक/प्रकृति खेती अपनाने वाले किसानों को विभाग द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिले में 20 बायो रिसर्च सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिसमें से प्रत्येक को एक लाख रुपए भी प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा जैविक खेती अपनाने वाले कृषकों को चार चार हजार रुपए की सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग जिले को प्राकृतिक एवं जैविक खेती में अग्रणी बनाने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर कस्तूरी जैव संसाधन केंद्र द्वारा जैविक/ प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का कलेक्टर श्री जैन द्वारा अवलोकन किया गया। संगोष्ठी का संचालन सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल द्वारा किया गया। संगोष्ठी में जैविक कृषक जय नारायण राय, उप सरपंच अनिल फुलरे एवं बड़ी संख्या में जैविक कृषक मौजूद थे। संगोष्ठी में उपसंचालक पशुपालन अजय रामटेके, और राजीव खरे ने भी हिस्सा लिया।

## 10 को गहाल में आयोजन होगा घर जाकर दिया जाएगा निमंत्रण हिंदुओं को जोड़ने होगा सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा 10 जनवरी को ग्राम गहाल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके निमित्त शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा भूमि पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें गहाल धुरगाढ़ा कनारदा खारपा के समाजजन वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज के समय पर हिंदुओं को एकजुट करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। निकट के ही देश पाकिस्तान बांग्लादेश में और भारत में भी कई स्थानों पर हिंदुओं के साथ दुराचार हो रहे हैं। हिंदुओं को संकट का सामना करना पड़ रहा है हिंदू जाति अपने गौरव को पहचाने और भारत के लिए कार्य करें यही आज की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन नागरिक कर्तव्य पर्यावरण संरक्षण शाखा दिशा इन पांच परिवर्तनों के आधार पर राम राज्य की कल्पना सरकार होगी। इसलिए यह हिंदू सम्मेलन स्वर्णिम भारत की नीव में महत्वपूर्ण कदम होगा। आयोजन समिति ने सभी समाज जनों से हिंदू सम्मेलन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## रामायण से जीना, भागवत से मरना सीखो : शर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा में पंडित दौलतराम शर्मा ने कहा कि मनुष्य को हर परिस्थिति में भगवान का भजन करना चाहिए। क्योंकि कलयुग में भगवान का आशीर्वाद यह उनकी कृपा पाने के लिए कलयुग में भजन ही सार है। महाभारत की कथा सुनाते हुए पंडित शर्मा ने कहा की माता कुन्ती ने भगवान से विपदा कष्ट मांगा तो भगवान ने कहा बुआजी इससे क्या होगा। तो उन्होंने कहा गोविंद जब जीवन में कष्ट आते हैं, तो प्रभु आपको हम याद करते हैं। तो आप हमारे पास तुरंत चले आते हो ,और गोविंद यदि सुख आता है, तो प्रभु आप हमको छोड़कर चले जाते हो।इसलिए कुन्ती मां ने दुख मांगा, आगे पंडित शर्मा ने कथा सुनाते हुऐ कहा कि परीक्षित ने कलयुग को रहने के लिए चार स्थान दिए। पंडित शर्मा ने कहा कि राजा परीक्षित ने सारा राज पाठ छोड़कर गंगा तट पर सुकताल तीर्थ में गए, अपनी मृत्यु को सुधारने ,वहां सुखदेव जी आए और राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत सुनाकर मोक्ष प्राप्त कराया। प्रतिदिन पूजा अर्चना पं दीपक शर्मा, पं सूरज शर्मा,पं रमेशचंद्र पारे द्वारा की जा रही है। उपरांत श्रीमद् भागवत कथा की महाआरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने कथा एवं प्रसाद का लाभ लिया।

## एसडीओ ने निर्माणाधीन तहसील भवन का निरीक्षण किया



**झिरन्या।** एसडीओ राजस्व भीकनगांव आकांक्षा अग्रवाल ने निर्माणाधीन तहसील भवन का कार्य पूर्ण एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिससे नवीन भवन में कार्यालय प्रारंभ किया जा सके। वे शुक्रवार की शाम उक्त भवन का निरीक्षण कर रही थी और कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर वहां पहुंची थी। इस आशय के निर्देश उन्होंने राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक में दिए थे। इसी तारतम्य में उन्होंने संपूर्ण भवन के कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने कई अपूर्ण कार्यों को देखकर चिंतित थी और वहां मौजूद ठेकेदार के कर्मी को इन कार्यों की जानकारी दी और निर्देशित किया कि समयावधि में उक्त कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधितों को जानकारी दें। विडंबना है कि कलेक्टर मित्तल के निर्देशों के बाद भी पीआईयू के अधिकारी और ठेकेदार इस निरीक्षण में नहीं पहुंचे। जबकि उनके निर्देश की पूर्ण जानकारी अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को थी। लेकिन उन्होंने एक अदने से कर्मी को भेजकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली। इसे लेकर यहां व्यापक प्रतिक्रिया हो रही है। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ तहसीलदार मुन्ना अड़ और नायब तहसीलदार राकेश बरडे भी उपस्थित थे।

### किसान महिलाओं ने अनोखे अंदाज में मनाया नया साल

## भजन-कीर्तन करते हुए गेहूं की फसल की पूजा की और अच्छी पैदावार की कामना की

**सीहोर।** ग्रामीण किसान महिलाओं ने अनोखे तरीके से नए वर्ष 2026 का स्वागत किया। उन्होंने भजन-कीर्तन करते हुए गेहूं की फसल की पूजा की और अच्छी पैदावार की कामना की।

ग्राम उलझावन, राणावती, भोजनगर, चंदेरी सहित अन्य गांवों की महिलाओं ने किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में यह आयोजन किया। महिलाएं जल का लोटा लेकर और गीत-भजन गाते हुए खेतों तक पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने ढोलक बजाकर देवताओं की पूजा की। महिलाओं ने प्रार्थना की कि इस बार गेहूं व अन्य फसलों की अच्छी पैदावार हो। उन्होंने पिछले साल सोयाबीन की फसल बर्बाद होने का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भावांतर का पैसा और सोयाबीन का मुआवजा दिया गया है। अब वे नए साल में बीमा राशि मिलने की भी उम्मीद कर रही हैं। इस भजन मंडली में बाबूलाल मेवाड़ा, ज्ञान सिंह, हाकम सिंह राजपूत, रामनारायण, गंगा प्रसाद, मुकेश, कृष्णा, सावित्रीबाई, गायत्री, शांताबाई, सीताबाई, प्रेम बाई, सावित्रीबाई सहित कई



महिलाएं शामिल थीं।

इन महिलाओं ने सरकार से अपनी भजन मंडली के लिए एक ढोलक पेटी उपलब्ध कराने की भी मांग की, ताकि वे ऐसे ही जागरूकता फैलाती रहें और किसानों व महिलाओं का भला होता रहे। सभी महिलाओं ने गांव में शांति और खुशहाली की कामना करते हुए कलश यात्रा भी निकाली।

## विधायक सुदेश राय का गुटबाजी पर बड़ा हमला



**सीहोर।** विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से भारतीय जनता पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी और खींचतान की खबरों पर आखिरकार विधायक सुदेश राय ने विराम लगाने की कोशिश की है। एक कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने बेहद कड़े लहजे में कहा कि भाजपा में कोई गुटबाजी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग गुटबाजी की बातें फैला रहे हैं, वे दरअसल संगठन और अपने परिवार के नहीं, बल्कि दुश्मन परिवार के हैं। बता दें सीहोर विधानसभा क्षेत्र में बीते कई दिनों से चर्चा थी कि शहर के पांच बड़े नेताओं के समर्थक अलग-अलग गुटों में बंटे हुए हैं और शहर के चौक-चौराहों पर अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी होती रहती है। इन चर्चाओं का जवाब देते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा यहां कुछ लोग इधर बैठे हैं जो कहते हैं कि मैं उस गुट का हूं, कुछ कहेंगे मैं इस गुट का हूं। मैं साफ कर दूं कि यहां कोई गुटबाजी नहीं है। यह भाजपा का गुट है। भाजपा के अलावा यहां कोई दूसरा गुट अस्तित्व में नहीं है।

### विरोधियों पर साधा निशाना

विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा आप नहीं तो मैं नहीं और मैं नहीं तो कुछ नहीं। हम सब एक हैं और मिलकर ही संगठन को मजबूत करते हैं। उन्होंने उन लोगों को आड़े हाथों लिया जो गुटबाजी को हवा देते हैं। उन्होंने कहा कि गुटबाजी जैसी कोई चीज नहीं होती, जो लोग ऐसा बोलते हैं वे अपने परिवार के नहीं बल्कि दुश्मन परिवारों के हितैषी हैं।

### चर्चाओं के बाजार पर लगाया विराम

गौरतलब है कि सीहोर भाजपा में नेतृत्व को लेकर समर्थकों के बीच अक्सर मतभेद की खबरें सामने आती रही हैं। राजनीतिक गलियारों में यह आम चर्चा थी कि भाजपा अब गुटों में बंट गई है और पांच दिग्गज नेताओं के बीच वर्चस्व की जंग जारी है। विधायक राय के इस बयान को इसी आंतरिक कलह को दबाने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है।

### कोई भी टीबी मरीज पोषण और देखभाल से वंचित न रहे : कलेक्टर बालागुरु के.

# सीहोर को टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए अधिकारी टीबी के मरीजों को प्रदान कर रहे फूड बास्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले को टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर पहल की जा रही है। जिले में क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन के लिए सभी विभागों के अधिकारी समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं तथा टीबी मरीजों तक सीधे उनके घर पहुंचकर पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

इस पहल के अंतर्गत टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए जा रहे हैं, जिनमें पोषणयुक्त खाद्य सामग्री शामिल है, ताकि मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो और वे उपचार के दौरान शारीरिक रूप से सशक्त रह सकें। प्रशासन का यह प्रयास न केवल





उपचार तक सीमित है, बल्कि मरीजों की सामाजिक और मानसिक मजबूती को भी ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जिससे वे नियमित रूप से दवा लें और इलाज पूरा करें। कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी टीबी मरीज पोषण और देखभाल से वंचित न रहे तथा समय-समय पर उनके स्वास्थ्य की निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान करना सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जनसहभागिता, विभागीय समन्वय और मानवीय संवेदनशीलता की सशक्त पहल है।

## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना में सोयाबीन खरीदी आज से

**हरदा।** भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत सोयाबीन का विक्रय 3 जनवरी 2026 से मंडी प्रांगण में प्रारंभ हो जावेगा। सचिव कृषि उपज मंडी हरदा ने बताया कि पोर्टल की तकनीकी खराबी का निराकरण होने के कारण 3 जनवरी से काशी उपज मंडी प्रांगण में भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी की जाएगी। कृषक बंधू अपनी सोयाबीन उपज विक्रय हेतु लाये।

### 31 तक मिलेगी सौ फीसदी सरचार्ज में छूट

**हरदा।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। कम्पनी ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

### प्रतिष्ठानों में अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग द्वारा मध्य प्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। यह संशोधन राज्य में इज ऑफ डुईंग बिजनेस को बढ़ावा देने तथा दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों पर अनुपालन का अनावश्यक भार कम करने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधन के अंतर्गत अब ऐसी दुकानें एवं संस्थान, जिनमें 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके यहाँ श्रम निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण केवल राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। इससे अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक लगेगी।

### भारतीय किसान संघ 5 से करेगा आंदोलन

**रहटगांव।** तहसीलदार को बुधवार को भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव द्वारा अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन दिये जाने की सुचना दी गई। जिसमें बताया गया की भारतीय किसान संघ तहसील रहटगाँव के द्वारा हमारी मुख्य मांगों को लेकर अनेको बार ज्ञापन आवेदन निवेदन देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसलिये इन्ही विषयों को लेकर भारतीय किसान संघ तह रहटगांव 5 जनवरी से से अनिश्चित धरना आन्दोलन तहसील कार्यालय में किया जायेगा और तब तक जारी रहेगा जब जब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं कि जाती है, घरना आन्दोलन जारी रहेगा। इसके मुख्य विषय है खाद वितरण गोदाम के लिये जमीन आवंटित की जाये। ग्राम झाड़बीडा रहटगाँव मार्ग खराब हो गया है, नया बनाया जायें। ग्राम पंचायत फुलड़ी धनगाँव शासकीय जमीन एवं गोहो को अतिक्रमण मुक्त किया जावे। तहसील रहटगाँव के अंतर्गत ग्रामो में शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई जाये। बिजली, खाद मंडी, खेती से चोरी हो रहे कृषि उपकरण इत्यादी सभी बिंदुओं पर कार्रवाई की जाये।

### गल्ला मंडी में श्रीमद भागवत कथा 7 से

**सीहोर।** भगवती शिवशक्ति मंदिर महिला मंडल द्वारा गल्ला मण्डी पुलिस लाइन स्थित मंदिर परिसर में भव्य संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का सात दिवसीय आयोजन किया जाएगा। हनुमान फाटक मंदिर कस्बा सीहोर के प्रङ्क्षसद्ध भागवताचार्य पंडित रविशंकर तिवारी के द्वारा श्रद्धालुओं को सोमवार 5 जनवरी से रविवार 11 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक श्रीमद भागवत कथा का मनमोहक रूप से श्रवण कराऐंगे। शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा।

### दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकदी रहित उपचार स्कीम लागू

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ति एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

### बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं।